卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 11 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦17 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नायब सैनी दूसरी बार बने हरियाणा के सीएम

### शपथ समारोह में प्रधानमंत्री मोदी,राजनाथ सिंह सहित कई दिग्गज हुए शामिल

हरियाणा (उद संवाददाता)।नायब सिंह सैनी ने गुरूवार को दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पंचकूला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के अलावा बीजेपी के तमाम कद्दावर नेता मौजूद रहे । हरियाणा में 5 अक्टूबर को चुनाव हुए थे जिसमें बीजेपी ने 90 में से 48 सीटें जीतीं थी वहीं कांग्रेस ने 37 सीट पर जीत दर्ज की थी। मुख्यमंत्री के साथ सोनीपत सीट की गोहाना सीट से विधायक अरविंद कुमार शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली



है। वह चार बार सांसद भी रह चुके हैं। हरियाणा में बीजेपी का प्रमुख ब्राह्मण चेहरा 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए थे। फरीदाबाद सीट से विधायक बने विपुल गोयल ने एक बार फिर राज्य सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है। इस बार उन्होंने 48 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। 2016 में पहली बार वह खट्टर सरकार में मंत्री बने थे। वैश्य समुदाय से आने वाले गोयल दो बार के विधायक हैं. 2019 में उन्हें टिकट नहीं मिला था। पानीपत ग्रामीण से बीजेपी विधायक महिपाल ढांडा ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। जाट बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले महिपाल ढांडा पहले भी राज्य सरकार में विकास एवं पंचायत व सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रह चुके हैं। लगातार तीन बार के विधायक हैं। चौथे नंबर पर राव नरबीर सिंह ने कैबिनेट मंत्री पद (शेष पृष्ठ सात पर)

## करंट से श्रमिक की मौत परिजनों ने काटा हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुरानी गल्ला मंडी किच्छा निवासी एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने जहां चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया वहीं पुलिस पर पंचनामा भरने में धांधली करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। जानकारी के अनुसार पुरानी गल्ला मंडी किच्छा निवासी सूरजपाल कोली पुत्र अंगन लाल गत दिवस करंट की चपेट में आ गया था। परिजन उसे उपचार



के लिए चिकित्सालय ले गये। जहां परिजनों ने उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार किशोर की मौत

हल्द्वानी। अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। घटना के बाद कार चालक फरार बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरियासाल तल्ला कठघरिया निवासी 17 वर्षीय पीयूष जोशी पुत्र कमल जोशी बुधवार की शाम स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से गौलापार गया हुआ था। बताया जाता है कि देर रात वापस लौटने के दौरान कुंवरपुर चौराहे के पास स्कूटी में अनियंत्रित गति से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे पीयूष बुरी तरह घायल हो गया। आस पास मौजूद लोगों द्वारा आनन फानन में उसे उपचार के लिए डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं कार चालक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है।

## होमगार्ड का हार्ट अटैक से निधन



रूद्रपुर। कोतवाली में तैनात होमगार्ड कर्मी भदईपुरा निवासी 59 वर्षीय नारायणराम का गत रात्रि हृदय गति रूकने से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर व्याप्त हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक नारायण राम ने वर्ष 1984 में हल्द्वानी में नौकरी शुरू की थी। तब से वह निरंतर अपनी सेवायें दे रहे थे। वह अगले (शेष पृष्ठ सात पर)

## फार्म हाउस में महिला के साथ दुष्कर्म,केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर निवासी एक महिला ने रुद्रपुर निवासी व्यक्ति के खिलाफ शादी का झांसा देकर बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के एक फार्म हाउस में दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने की रिपोर्ट बिलासपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काशीपुर के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति उसे छोड़कर विदेश चला गया है। वह एंबेसी में प्रार्थना पत्र देने के मामले में सलाह लेने के लिए रुद्रपुर में रह रहे रविंदर सिंह निवासी ग्राम छतरपुर थाना रुद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर के पास पहुंची थी। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और शादी करने का झांसा देने लगा। आरोपी ने उसे बताया कि उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई है। ऐसे में वह उससे शादी करना चाहता है। आरोप है कि एक(शेष पृष्ठ सात पर)

## दो महिलाएं बच्चों सहित लापता

रूद्रपुर। अलग अलग स्थानों से दो महिलायें अपने बच्चों सहित लापता हो गईं। शिवा नन्द दुबे पुत्र संत प्रसाद दुबे हाल निवासी आनंद विहार फुलसुंगा मूल निवासी ग्राम धौरहरा, पोस्ट आफिस बिशनपुर राजा गोपालपुर जिला गोरखपुर, उप्र का कहना है कि 28 अगस्त को दोपहर उसकी पत्नी लगभग 28 वर्षीय श्रीमती सृष्टि दुबे 5 वर्षीय बेटी सीवी दुबे को अपने साथ लेकर कहीं चली गयी है। उसने अपनी पत्नी व बेटी की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है लेकिन पत्नी व बेटी का पता नहीं चल रहा है। पत्नी का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। वहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

## वन कर्मियों पर हमला करने वाले पिता–पुत्र गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। छापेमारी की दौरान वन टीम पर हमला करने वाले नामजद पांच तस्करों में से पुलिस ने पिता–पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फरार तीन तस्करों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर की रात्रि वन विभाग सरोंजा की टीम ने कैथुलिया निवासी अमरीक सिंह के घर पर खैर की लकड़ी होने की सूचना पर छापेमारी की थी, इस दौरान वन विभाग की टीम पर अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह व उसका पुत्र चरनजीत सिंह ने साथियों के साथ वन टीम पर लाठी डण्डों से हमला कर दिया और फायरिंग की। फायरिंग में एक वन कर्मी जितेन्द्र सिंह गोली लगने से घायल हो गया। घायल वनकर्मी का हल्द्वानी में उपचार चल रहा है। मामले में पुलिस ने वन आरक्षी भूपाल सिंह की तहरीर पर पांच वन तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगायी गयी है। पुलिस ने मामले में आरोपी पिता पुत्र अमरीक सिंह और चरनजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चोरी करते चोर को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंपा

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 2 में एक युवक घर में ताला लगाकर बुध बाजार सामान लेने गया था वापस आया तो ताला तोड़कर एक चोर अंदर चोरी करने का प्रयास कर रहा था जिसे मकान स्वामी ने रंगे हाथों पड़कर पुलिस को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीवान चंद्र वार्ड नंबर 2 बुध बाजार निवासी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार को अपने पुत्र रवि मदान के साथ घर के मेन गेट पर ताला लगाकर बुध बाजार सामान लेने गए थे जब सामान लेकर रात्रि लगभग 9 बजे घर वापस आए तो मेन गेट का दरवाजा खुला था और कुंडा टूटा हुआ था उन्होंने जब घर के अंदर प्रवेश किया तो अंदर एक व्यक्ति उन्हें देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिस पर दीवान चंद्र व उनके बेटे रवि मदान ने चोरी कर रहे युवक को पकड़ लिया युवक से जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम रिंकू कुमार पुत्र भोलाराम निवासी कनटोपा खानपुर बताया पूछताछ में उसने बताया कि चोरी में उसका एक सहयोगी दोस्त इरफान पुत्र गुड्डू खान निवासी गदरपुर भी साथ में था वह मौका देखकर भाग गया दीवान चंद्र ने पकड़े (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी बैंक कर्मी ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाये 1.27 लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को आरबीएल बैंक कस्टूमर केयर कर्मचारी बताकर आनलाईन 1.27 लाख रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में हरेन्द्र कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी चन्द्रा इन्क्लेब फेस 2 फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 18 सितम्बर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का कॉल आया। जिसने खुद को आरबीएल बैंक कस्टूमर केयर कर्मचारी बताया और कहा कि आपके आरबीएल क्रेडिट कार्ड पर 2200 रूपये हेल्थ इन्स्योरेन्स है अगर आपको इसे डिएक्टिवेट कराना है तो आपको आपने मोबाइल पर एक एप्लीकेशन डाउनलोड करनी होगी। उसके द्वारा व्हाट्सअप को दूसरे नम्बर से वीडियो कॉल की गयी और मोबाइल की स्क्रीन को अपने फोन में ले लिया । हरेन्द्र का कहना है कि उसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में कुल 27729 रूपये तथा बैंक खाते से 12500 रूपये व 87374.98 रूपये निकल लिये गये। इस प्रकार उसके साथ कुल 1,27,603.98 रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी कर ली गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बदरीनाथ के सबक से 'केदारनाथ' में तय होगी भाजपा की 'दशा- दिशा'

### उपचुनाव में बदरीनाथ वाला करिश्मा दोहराने की कोशिश में कांग्रेस, तो बद्रीनाथ की भूल को सुधार कर जीत की जुगत में भाजपा

**-अर्श-**

देहरादून। केदारनाथ में सियासी चौसर बिछाने और पासा फेंकने की घड़ी अब नजदीक आ गई है। चार नवंबर को नाम वापसी की समय अवधि समाप्त होने के बाद यह तय हो जाएगा की केदारनाथ के समर में भाजपा और कांग्रेस की ओर से कौन आमने–सामने होगा। फिलहाल दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों में टिकट के ख्वाहिशमंद अपनी अपनी–अपनी गोटी फिट करने में जुट गए हैं। मगर केदारनाथ के इस उपचुनाव में बदरीनाथ में हुए उपचुनाव की छाया पड़ती नजर आ रही है। कांग्रेस जहां बदरीनाथ के मोमेंटम को बरकरार रखने की कोशिश में है ,वहीं भाजपा बदरीनाथ में की गई भूल को केदारनाथ में दोहराने से बचने का भरसक प्रयत्न कर रही है। बद्रीनाथ में भाजपा की पराजय के जो मुख्य कारण निकलकर सामने आए थे, उसमें से एक प्रमुख कारण भाजपा के कैडर द्वारा कांग्रेस से दल बदल कर आए पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी को स्वीकार ना कर पाना था ।कांग्रेस से पाला बदल कर आए राजेंद्र भंडारी को भाजपा द्वारा



प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा का वह कार्यकर्ता ,जो खून पसीना बहाकर भाजपा की जीत की इबारत लिखता है, नाराज होकर घर बैठ गया ।जिसका खामियाजा भाजपा को बद्रीनाथ में हार के रूप में भुगतना पड़ा। लिहाजा भाजपा प्रदेश नेतृत्व का सारा जोर अब केदारनाथ में एक ऐसा उम्मीदवार तय करने में है जिसे भाजपा का कैडर सहर्ष स्वीकार सके। भाजपा की तरफ से टिकट के दावेदारों में जो नाम सर्वाधिक चर्चा में है, उनमें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, दिवंगत विधायक शैला रानी रावत की पुत्री ऐश्वर्या रावत तथा पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के सीएम उम्मीदवार रहे कर्नल अजय कोठियाल एवं केदारनाथ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके कुलदीप रावत शामिल है। इनमें से केवल आशा नौटियाल को ही परंपरागत भाजपाई माना जा सकता है बाकी के तीनों नाम परंपरागत भाजपा कार्यकर्ता होने की कसौटी में खड़े नहीं उतरते । इसलिए अगर भाजपा नेतृत्व ने परंपरागत भाजपा कार्यकर्ता होने को टिकट देने का मापदंड बनाया तो बाजी आशा नौटियाल के हाथ लग सकती है, लेकिन अगर भाजपा ने सहानुभूति वोट के सहारे चुनावी वैतरणी पर करने की सोची तो दिवंगत विधायक की पुत्री ऐश्वर्या रावत का नंबर आ सकता है ।सियासी जानकारों की माने तो भाजपा की टिकट आशा नौटियाल एवं ऐश्वर्या रावत में से किसी (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्य चुनाव आयुक्त सकुशल मुनस्यारी पहुंचे

## रातभर रालम गांव में शरण लेने के लिए तोड़ना पड़ा घर का ताला,उत्तराखंड के अपर निर्वाचन आयुक्त विजय जोगदंडे भी फंसे
## मिलम घाटी में मौसम खराब होने पर हेलिकॉप्टर की हुई थी इमरजेंसी लैंडिंग, 2022 में भी राजीव कुमार ने किया था दुमक का दौरा

देहरादून/पिथौरागढ़(उद ब्यूरो) केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार सकुशल मुनस्यारी पहुंच गए हैं। उनका हेलिकॉप्टर मुनस्यारी तहसील मुख्यालय पहुंच गया है। उनके साथ उत्तराखंड के अपर निर्वाचन आयुक्त विजय जोगदंडे भी हैं। आपको बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग मिलम घाटी के रालम गांव में करानी पड़ी थी। राजीव कुमार और अन्य लोगों ने रात रालम गांव में ही बिताई। सुबह मौसम साफ होने पर दोनों अधिकारियों को लेकर हेलीकॉप्टर वापस मुनस्यारी लौट आया है। वहीं आज हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद उच्च हिमालयी क्षेत्र रालम गांव में फंसे मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार सहित पांच लोग 16 घंटे बाद मुनस्यारी पहुंच गये है। गुरुवार को मौसम ठीक होने पर पायलट सभी लोगों को हेली से मुनस्यारी हेलीपैड लेकर पहुंचा। सुबह करीब 6:30 बजे हेलीकॉप्टर यहां हेलीपैड में उतरा। यहां पहले से ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही आईटीबीपी, बीआरओ के अधिकारी मौजूद नजर आए। बाद में मुख्य चुनाव आयुक्त आइटीबीपी कैंप को रवाना हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त के सकुशल मुनस्यारी पहुंचने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। केंद्रीय चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हाई एल्टिट्यूड में चुनावी प्रक्रिया को देखने के लिए पिथौरागढ़ के मिलम जा रहे थे। इसी बीच मौसम खराब होने के चलते उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलीकॉप्टर सीमांत रालम गांव में लैंड किया गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारी जिस गांव में फंसे हैं वो गांव फिलहाल वीरान पड़ा हुआ है। गांव के सभी लोग फिलहाल माइग्रेट करके निचले इलाकों में आ चुके हैं। ऐसे में रात में ठंड से बचने के लिए दोनों अधिकारियों को मजबूरी में एक घर का ताला तोड़ कर शरण लेनी पड़ी है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों अधिकारी जिस गांव में फंसे हैं वो गांव जिला मुख्यालय से तकरीबन 200 किमी की दूरी पर है और मोटर मार्ग से दूर है। ऐसे में दोनों अधिकारियों तक पहुंचने के लिए बचाव टीमों को ट्रैकिंग के जरिए तकरीबन 25 किलोमीटर का सफर तय करके पहुंचना पड़ेगा। दोनों अधिकारियों को निकालने के लिए तीन टीमें रवाना की गई। आसपास के कुछ स्थानीय लोगों को भी भेजा गया। बताया जा रहा है कि रात में इस ट्रैक पर चलना खतरनाक है और ऐसे में बचाव टीमों को खासा जोखिम उठाना पड़ रहा है। सीईसी राजीव कुमार इससे पहले भी ऐसे ही एक कार्यक्रम में उत्तराखंड के चमोली जिले के दूरस्थ दुमक गांव का दौरा कर चुके हैं। 2022 में राजीव कुमार 18 किलोमीटर पैदल चलकर दुमक पहुंचे थे और लोगों से मुलाकात की थी। बता दें कि बीते रोज बुधवार को उच्च हिमालयी क्षेत्र मिलम में ट्रैकिंग करने जा रहे भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की खराब मौसम के कारण आपात लैंडिंग करानी पड़ी। उनके साथ उत्तराखंड के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे और सीईसी के पीएसओ नवीन कुमार भी थे। दरअसल बुधवार सुबह पौने 11 बजे सीईसी दिल्ली से जौलीग्रांट हवाई अड्डे होते हुए मुनस्यारी पहुंचे। करीब एक बजे हेलीकॉप्टर मुनस्यारी से निकला, लेकिन 50 मिनट बाद 42 किमी दूर पहुंचने पर मौसम खराब हो गया। मजबूरन रालम में हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई। यहां से मिलम 22 किमी दूर है, जहां तक पहुंचने के लिए पैदल चलना ही दूसरा विकल्प है। हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग से प्रशासन में हड़कंप मच गया था। माइग्रेशन गांव रालम सड़क, बिजली और संचार सेवा से महरूम है। वर्तमान में गांव में कोई व्यक्ति भी नहीं है। ठंड शुरू होने पर ग्रामीण निचले इलाकों में लौट आए हैं। सीईसी के होलिकॉटर की इमरजेंसी लैंडिग की सूचना मिलने पर कुमाऊं कमिश्नर और मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत के निर्देश पर रेस्क्यू टीमें रालम गांव को भेज दी गई हैं। रालम में केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त और टीम के लिए एक घर खुलवा दिया गया है। रेस्क्यू टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करेगी। बुधवार को जिस हेलिकॉप्टर में केंद्रीय चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे शामिल थे, उसकी इमरजेंसी लैडिंग करानी पड़ी। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक बुधवार को केंद्रीय चुनाव आयुक्त और प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन देहरादून से हेलिकॉप्टर से ट्रेकिंग के लिए मुनस्यारी के मिलम के लिए निकले। हिमालयी क्षेत्र मिलम में मौसम में खराबी के चलते पॉयलट के लिए हेलिकॉप्टर को आगे ले जाना मुश्किल हुआ। ऐसे में हेलिकॉप्टर की मिलम से पहले रालम में इमरजेंसी लैडिंग करानी पड़ी। एक खेत में हेलिकॉप्टर को सफलतापूर्वक उतारा गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने कहा कि दोनों अधिकारी सुरक्षित हैं। मामले की पूरी जानकारी ली जा रही है।







## केदारनाथ उपचुनाव के लिए भाजपा ने भेजा उम्मीदवारों के नामों का पैनल

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा ने आज केदारनाथ उपचुनाव को लेकर उमीदवारों के नामों का पैनल सर्वसमिति से केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड को भेज दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के मुताबिक प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में आज राज्य पार्लियामेंटरी बोर्ड की वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। इस वर्चुअल बैठक में रुद्रप्रयाग में संगठन के माध्यम से केदारनाथ विधानसभा को लेकर सामने आए उम्मीदवारों के पैनल पर चर्चा की गई। पैनल में आए सभी नामों पर क्षेत्रीय, सामाजिक एवं सांगठनिक पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। इसके बाद पार्लियामेंट्री बोर्ड के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी नामों को केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड को भेजने का निर्णय लिया गया । बोर्ड ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को संभावित उम्मीदवारों के नामों के इस पेनल को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा, पार्टी संगठन बूथ एवं पन्ना स्तर तक चुनाव लड़ने और रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पैनल के नामों पर विचार कर केंद्रीय नेतृत्व पार्टी के अधिकृत उमीदवार का नाम घोषित कर देगा । जिसके बाद हम अपनी चुनावी रणनीति के अगले चरण को अंतिम रूप देने आरम्भ कर देंगे। इस बैठक में पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्यों के तौर पर पूर्व सीएम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के सांसदो एवं पार्टी पदाधिकारियों ने वर्चुअली प्रतिभाग किया।




## उपचुनाव में जिताऊ प्रत्याशी को लेकर सर्वे रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को सौंपी

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव में जिताऊ प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस ने सर्वे पूरा कर रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को सौंप दी है। जल्द ही पर्यवेक्षक भी केदारनाथ विस क्षेत्र का दौरा कर प्रत्याशी को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। सर्वे व पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर हाईकमान प्रत्याशी घोषित करेगी। प्रत्याशी के नाम को लेकर कांग्रेस में आपसी खींचतान और गुटबाजी सामने आ रही है। टिकट की दौड़ में पूर्व विधायक मनोज रावत, जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के नाम की चर्चाएं हैं। बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव मिली जीत से उत्साहित कांग्रेस को केदारनाथ उपचुनाव में जीत का दावा कर रही है। लेकिन, प्रत्याशी को लेकर पार्टी के अंदर खींचतान व गुटबाजी से कांग्रेस की चुनाव धार कुंद दिखाई दे रही है। हालांकि, पार्टी की ओर से जिताऊ प्रत्याशी के लिए केदारनाथ विधानसभा में सर्वे किया गया। जिसकी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को मिल चुकी है। अब पार्टी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक बैठकें कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की राय जानेंगे। केदारनाथ उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने विधायक भुवन कापड़ी व वीरेंद्र जाती को पर्यवेक्षक नियुक्त किया। दूसरे ही दिन प्रदेश प्रभारी सैलजा कुमारी ने गणेश गोदियाल व लखपत बुटोला को पर्यवेक्षक बनाने के आदेश जारी किए। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष से कोई विचार विमर्श नहीं किया गया। इससे पहले ही लोस चुनाव व बदरीनाथ, मंगलौर उपचुनाव के लिए माहरा ने जिलाध्यक्ष नियुक्त किए थे। प्रदेश प्रभारी ने इन नियुक्तियों को रद्द किया। प्रदेश प्रभारी के फैसलों से माहरा भी आहत हैं।



## लालपुर महाराजपुर सड़क निर्माण का बेहड़ ने किया शुभारम्भ

किच्छा (उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपनी विधानसभा में लालपुर मोड़ से ग्राम महाराजपुर को जोड़ने वाली 1.5 किलोमीटर सड़क के पुन: निर्माण एवं चौडीकरण कार्य का शुभारम्भ विधिवत्त पूजा अर्चना के पश्चात लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व समस्त क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में फीता काटकर व दीप प्रजलित करके किया।इस दौरान विधायक बेहड़ ने समस्त क्षेत्रवासियों को सड़क निर्माण आरम्भ किये जाने पर बधाई देते हुए कहा कि लालपुर-महाराजपुर की ये सड़क जो की पिछले कई सालों से जर्जर अवस्था में थी। इस 1.5 किलोमीटर सड़क का 2.08 करोड़ की लागत से इसका नवनिर्माण राज्य योजना के तहत टी०डब्लू०डी० की आधुनिक तकनीक से बनायीं जाएगी। यह आधुनिक तकनीक प्रदेश की मात्र दूसरी सड़क है। इस तरह की सड़क उत्तराखंड में अभी तक एक ही बनी है वो भी देहरादून उत्तराखंड के आई०एस०बी०टी० में और इस सड़क की लाइफ 15-20 साल होती है और ये सड़क बनने के बाद ऐतिहासिक रहेगी। बेहड़ ने कहा कि इस सड़क के लिए उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ा अनेकों बार पत्र लिखे मंत्रियो और अधिकारियों के कई चक्कर लगाये । बेहड़ ने कहा कि पूरी किच्छा विधानसभा के प्रत्येक कोनें पर विकास योजनायें चल रही है और बहुत सी योजनायें पूर्ण भी हो चुकी है 45 सड़कों पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान सभी ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ को शाल ओढाकर व पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत व सड़क निर्माण हेतु आभार जताया व ग्रामवासियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए पूरे गाँव में ढोल नगाड़े बजाये व जमकर आतिशबाजी की।इस दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,ग्राम प्रधान शिखा रानी, जिला पंचायत सदस्य मेघा ठुकराल, गुरदास कालड़ा राजेश प्रताप सिंह, अशोक चुघ,परविन्द्र सिंह पम्मी,राजकुमार चिलाना,रविचावला,विनोद ठुकराल, सतीश कालड़ा,किशन ठुकराल,नरेंद्र ग्रोवर, विशम्भर बाठला,जुगल कालड़ा,धर्मपाल कालड़ा,राजेन्द्र सेतिया,हरिप्रकाश ,गणेश व्यापारी,सुनीता कश्यप,सुनीता रानी,कमलेश रानी,सीमा ग्रोवर,किरण ठुकराल,संतोष कुम्भार बलराम सिंह, राजेन्द्र दास,बंटी गाबा,श्रीराम शर्मा, रणजीत.शरीफ मलिक,अजीत सचदेवा, देवेन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे ।







# भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा

किच्छा(उद संवाददाता)। भगवान वाल्मीकि धर्म सभा किच्छा द्वारा आयोजित रामायण के महान रचयिता भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राहुल किशोर के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, आवास विकास होते हुए नगर पालिका में संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में शहर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्वमेध यज्ञ का प्रतीक घोड़ा लेकर भगवान राम के पुत्र लव-कुश की वेशभूषा में बच्चे चल रहे थे, जो यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे। शोभायात्रा के दौरान भगवान वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों को समर्पित कई सुंदर झांकियां प्रदर्शित की गईं, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर इस धार्मिक महोत्सव को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों के साथ-साथ भगवान वाल्मीकि के संदेशों और रामायण की शिक्षाओं को चित्रित करने वाले दृश्य भी प्रस्तुत किए गए। यात्रा के दौरान भक्तगण पूरे जोश और श्रद्धा से भगवान वाल्मीकि के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शहर के प्रमुख स्थानों पर भक्तों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा से किया गया, जिससे वातावरण में एक अलौकिक और धार्मिक अनुभूति का संचार हुआ। नगर पालिका परिसर में शोभायात्रा के समापन पर एक विशेष सभा का आयोजन भी किया गया, जहां पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भगवान वाल्मीकि के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाज में उनके महत्व की चर्चा की। उन्होंने भगवान वाल्मीकि को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का महान संत बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। इस शोभायात्रा ने किच्छा के नागरिकों को एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया और भगवान वाल्मीकि की शिक्षा और उनके महान कार्यों को स्मरण किया। आयोजक मंडल ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को चांदी का मुकुट पहनकर सम्मानित किया! इस दौरान कार्यक्रम संयोजक नितिन चरण वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप अरोड़ा, ठाकुर संजीव सिंह, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल, नितिन फुटेला, राकेश वाल्मीकि, प्रियंका वाल्मीकि, कल्लू चरण, विशाल गुप्ता, केतन कालरा, धनीराम, राजेश कुमार कोली, कैलाश वाल्मीकि, श्याम बाबू, मुकेश कुमार, माइकल, विमल चरण, अरुण कुमार, आकाश भगत, विवेक, निखिल, राजेश, सोहनलाल, अंकित, योगेश, राजेश, सचिन वाल्मीकि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





## सिक्स सिग्मा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई फ्रेशर पार्टी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक, कॉलेज ऑफ नर्सिंग,कॉलेज ऑफ पेरामेडिकल तथा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में छात्र-छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित किया। स्वागत समारोह जिसका विषय अभिनन्दन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, प्रबंध निर्देशक सी.ए. शिव अरोरा, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डाबर, शौर्य अरोरा तथा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा संस्थान के सी.ई.ओ. अनुभव बाठला द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। उसके उपरांत मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए प्रथम वर्ष के छात्र- छात्राओं के बीच कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, मिमिक्री, आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें पॉलिटेक्निक विभाग से मिस्टर फ्रेशर वासुकी तथा मिस फ्रेशर शीतल मेहता को दिया गया। मैनेजमेंट विभाग से मिस्टर फ्रेशर अंकित पाण्डेय तथा मिस फ्रेशर शिवानी छत्रिय रही। मिस्टर फ्रेशर अमन तथा मिस फ्रेशर ग्रेसी थापा नर्सिंग विभाग से रहे। पेरामेडिकल से मिस्टर फ्रेशर माज मिया तथा मिस फ्रेशर प्रिय कुशवाह रही। संस्थान की निर्देशिका डॉक्टर सीमा अरोरा ने बताया कि संस्थान में इस प्रोग्राम का उद्देश्य सभी नए छात्र-छात्राओं की भविष्य को एक नया आयाम देना है। कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, मुकेश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को ध्यान कराकर अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रगणों को आभार प्रकट करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि एक मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही सफल समाज का निर्माण कर सकता है। संस्थान के प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने छात्र- छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं कॉलेज के सी.ए.ओ. अनुभव बाटला ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी को शुभकामनाएं दी। संचालन छात्र राकेश जोशी तथा करन चन्द्र ने किया।



## यूपी पुलिस की वर्दी पहनकर रौब दिखा रहा बहुरूपिया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को रोब दिखा रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। बुधवार शाम पुलिस को डायल 112 पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहन कर घूम रहा है । सूचना पर पुलिस कर्मी गंगापुर रोड पंचवटी के पास मौके पर पहुँचे जहाँ पर उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर व कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस को गोलमोल जवाब देते हुए उसने खुद का नाम अरविन्द कुमार पुत्र इन्द्रजीत मोहल्ला नकाशा थाना सुनगड़ी जिला पीलीभीत जिला उत्तर प्रदेश बताया । सख्ती से पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में अधिकांश उत्तर प्रदेश के लोग रहते हैं तथा उनके बीच में अक्सर लड़ाई झगड़ा होने पर वह स्वंय को उत्तर प्रदेश पुलिस वाला बताकर रौब गाठकर समझौता करा देता है तथा पुलिस की वर्दी पहनकर लोगो में बस आदि मे रौब गाठकर जहाँ मौका मिलता है लाभ लेता हूँ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में उसका चालान कर दिया। पुलिस टीम में निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे , उपनिरीक्षक विक्रम सिंह धामी, कांस्टेबल तारादत्त पंत, कमल जोशी आदि शामिल थे।



## राज्यपाल और सीएम प्रदेशवासियों को दी वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि रामायण जैसे महान महाकाव्य की रचना के माध्यम से वाल्मीकि जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र को विश्व के सामने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन और उनकी रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। महर्षि वाल्मीकि जमीनी स्तर से धर्म की पराकाष्ठा हासिल करने वाले महात्मा थे। उन्होंने आदि काव्य रामायण जैसे कालजयी ग्रंथ की रचना कर एक आदर्श समाज का चित्रण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सामाजिक सद्भाव और समानता का संदेश दिया। उनके द्वारा दी गई समरसता, सद्भाव तथा मानवता जैसे नैतिक मूल्यों की शिक्षा आज पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है। उनके विचार एवं आदर्श हमें समतामूलक समाज की स्थापना की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के महान दृष्टिकोण एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने व्यवहारिक जीवन में अपनाने का संकल्प लेना होगा। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा व सम्मान की अभिव्यक्ति होगी।

## सभी जिलों में संवेदीकरण कार्यशाला एवं असुरक्षित स्थानों का चिन्हीकरण होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधाा रतूड़ी ने सभी डीएम को नैनीताल मॉडल पर संवेदीकरण कार्यशाला एवं असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत नैनीताल (हल्द्वानी) के मॉडल का अब प्रदेश की सभी जनपदों में अनुसरण किया जाएगा। मुख्य सचिव ने इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों को नैनीताल मॉडल पर अपने-अपने जिलों में संवेदीकरण कार्यशाला एवं असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव की ओर से समस्त जिलाधिकारी को जारी पत्र में कहा गया है कि नैनीताल के हल्द्वानी शहर में ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिकाओं के साथ संवेदीकरण कार्यशालाष एवं असुरक्षित स्थानों को चिन्हित करने के प्रयोग मॉडल के सकारात्मक परिणाम आए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में बालिकाओं के साथ संवेदीकरण कार्यशाला एवं असुरक्षित स्थानों के चिन्हिकरण के संबंध में उक्त नैनीताल मॉडल के आधार पर अपने-अपने जनपदों में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## विजडम स्कूल के दो छात्रों ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हैमर थ्रो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए कक्षा 12वीं के छात्र सूरज सिंह सम्मल द्वारा पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया। हमारे विद्यालय के ही एक अन्य छात्र अंकित राज सिंह द्वारा 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पूरे जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती श्वेता मधवाल, उप प्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा तथा शारीरिक प्रशिक्षक महेन्द्र सिंह भारद्वाज द्वारा इन छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



## जयंती पर भगवान वाल्मीकि को किया नमन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भगवान वाल्मीकि की जयंती पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने नगर निगम में स्थित महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर पूजा अर्चना की और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी प्रासंगिक है। भगवान वाल्मीकि के समाज हित में किये गये कृत्य आज भी सामाजिक समररसता व एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। समाज को आज उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर पंडित अनिल कुमार, मुकेश राजौरिया, सुरेश मुलतानी, सुनील, आनन्द शर्मा, राजपाल, संदीप, सूरज, अरविंद, अनिल, कबीर पंत, नत्थू लाल, परमेश्वरी लाल, संत अमर दास, संत पृथ्वी दास, रतन दास, चरनदास, त्रिलोक दास आदि मौजूद रहे।



## हादसे में वाहन चालक पर केस दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में अपनी ससुराल आए पिता की मृत्यु पर पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रंपुरा चौकी रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर निवासी तेजपाल पुत्र मंगली उर्फ विशाल ने थाने में दी रिपोर्ट में कहा है कि 13 अक्टूबर को उसके पिता अपनी ससुराल कल्याणपुर भट्टा नानकमत्ता आए थे, रात करीब 8 बजे डियोड़ी चौराहे पर बस से उतरने के दौरान उसके पिता को अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका 108 की मदद से सरकारी अस्पताल सितारे ने ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृतक घोषित कर दिया, पुलिस ने पुत्र की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# राज्य स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन की तैयारियों में जुटें अधिकारी : राधा रतूड़ी

## अगले वर्ष 9 नवम्बर 2025 तक पूरे वर्ष मनाया जायेगा 'देवभूमि रजतोत्सव'

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में सभी अधिकारियों के साथ उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना के 24 वर्ष पूरे होने तथा 25 वर्ष ( रजत जयन्ती) के शुभारंभ के रूप में इस वर्ष मनाए जाने वाले राज्य स्थापना दिवस की भव्य तैयारियों की समीक्षा की।इस दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का विशेषरूप से भव्य आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि क्योंकि इस वर्ष उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना के 24 वर्ष पूरे हो जाएंगे तथा 25 वर्ष (रजत जयन्ती) की शुरूआत हो जाएगी, इसलिए प्रदेशवासियों के लिए इसका विशेष महत्व है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस 9 नवम्बर 2024 से अगले वर्ष 9 नवम्बर 2025 तक पूरे वर्ष मनाये जाने वाले ''देवभूमि रजतोत्सव'' की शुरूआत भी हो जाएगी। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का आयोजन लगभग 6 नवम्बर से आरम्भ होकर सप्ताह भर तक किये जाने का प्रस्ताव है, जिसकी शुरूआत नई दिल्ली में उत्तराखण्ड सदन के शुभारम्भ, दिल्ली



में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखण्ड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों व प्रवासियों की भागीदारी से आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है।इसके अगले क्रम में प्रवासी उत्तराखण्ड सम्मेलन के आयोजन, भव्य खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सशक्तीकरण की थीम पर विशेष उत्सव का आयोजन, जरूरतमंदों के लिए बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन, मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का अयोजन, दिव्यांगों के लिए विशेष कार्यक्रम, विभिन्न सम्मान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रमों का आयोजन, राज्य आन्दोलकारियों व शहीदों की गौरवगाथा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।मुख्य सचिव ने 24 वर्षों में राज्य की उपलब्धियों एवं विकास की सम्भावनाओं पर स्कूल व कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साल भर आयोजित होने वाले देवभूमि रजतोत्सव प्रदेश के सभी वर्गों, विशेष रूप से महिलाओं, स्कूली बच्चों व युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मण्डल स्तर तथा जिला स्तर पर भी राज्य स्थापना दिवस को भव्यता से आयोजित किए जाने हेतु विशेष तैयारियों के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री रमेश कुमार सुधांशु, पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार सहित सभी विभागों के सचिव, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून मौजूद रहे।

# खानपान में थूक व गंदगी मिलाने वालों पर एक लाख जुर्माना लगेगा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में खाद्य पदार्थों में थूक व गंदगी मिलाने की घटनाओं पर कड़ा रूख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इस तरह की घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों की सघन जांच हो और दोषियों को सजा मिले। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य सचिव व खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने विस्तृत एसओपी जारी की है। जिसमें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ 25 हजार से लेकर 1 लाख तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जूस एवं अन्य खानपान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट एवं अन्य गन्दी चीजों की मिलावट के प्रकरण प्रकाश में आये हैं।



उन्होंने कहा कि यह खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सभी खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस लेना व उसकी शर्तों का पालन करना अनिवार्य है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों में स्वच्छता एवं सफाई सम्बंधी अपेक्षायें का अनुपालन करना भी अनिवार्य है। डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि नियमों का पालन न करने वाले खाद्य करोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्राविधानों के तहत दण्डित किये जाने का प्राविधान है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत आम जनता को शुद्ध, स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत राज्य में खाद्य करोबारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रावधान है। जिसको लेकर टीमें लगतार छापेमारी अभियान चला रही हैं। सैंपलिंग भरी जा रही हैं जांच में एवं दोषी पाये जाने वाले कारोबारियों पर कार्रवाई भी की जा रही है।

# सरकारी कर्मचारियों को बैंकों से मिलेगा एक करोड़ तक का बीमा कवर

## उत्तराखंड सरकार के साथ एसबीआई, बीओबी, यूनियन बैंक, केनरा बैंक व जिला सहकारी बैंक ने किया एमओयू





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में गत दिवस सचिवालय में सरकारी कार्मिकों के लिए कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज और अन्य लाभों के लिए उत्तराखण्ड सरकार के साथ भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और जिला सहकारी बैंक ने एम.ओ.यू किया। राज्य के लगभग 64 प्रतिशत सरकारी कार्मिक जिनका सैलरी खाता इन बैंकों में है, वे इस अनुबंध से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि ये सभी बैंक कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज को कर्मचारियों के लिए और लाभकारी बनाने के लिये निरंतर कार्य करते रहेंगें। हमारा प्रयास होगा कि भविष्य में शत-प्रतिशत कर्मचारी इस लाभकारी पैकेज का फायदा उठा सकें। उन्होंने कहा कि इन बैंकों की शाखाओं में वेतन खातों के खाताधारकों को व्यक्तिगत बीमा कवर के साथ-साथ अन्य वित्तीय लाभों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अंतर्गत कार्मिकों को दुर्घटना में मृत्यु, पूर्ण अपंगता तथा आंशिक अपंगता की स्थिति में उनके आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में क्लेम का लाभ तथा अन्य लाभ बिना कोई प्रीमियम किये प्रदान किये जायेंगे। राज्य सरकार और इन 05 बैंको के मध्य हुए अनुबंध के अनुसार किसी कार्मिक की मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में यह कवरेज उनके परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, जो 30 लाख से 100 लाख के मध्य होगी। पूर्ण अपंगता की स्थिति में 30 लाख से 50 लाख तथा आंशिक अपंगता की स्थिति में 10 लाख से 40 लाख तक की वित्तीय सहायता बैंक द्वारा पैकेज के अन्तर्गत प्रदान की जाएगी। इसके साथ-साथ ही इस पैकेज में दुर्घटना के कारण चिकित्सा, एम्बुलेंस



की सुविधा, बच्चों की शिक्षा, पुत्री के विवाह जैसी आने वाली आवश्यकताओं के लिए भी वित्तीय सहायता की व्यवस्था है। कार्मिकों की प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में भी उनके आश्रितों को आने वाली चुनौतियों से बचने में भी बैंक 3 लाख से 10 लाख तक योगदान प्रदान करेगा। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव श्री दिलीप जावलकर, अपर सचिव श्री मनमोहन मैनाली, कोषागार निदेशक श्री दिनेश लोहनी व संबंधित बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्नी से विवाद पर आढती ने खुद को गोली से उड़ाया

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के सरवरखेड़ा इलाके में रहने वाले एक आढ़ती ने पारिवारिक विवाद के चलते खुद को गोली से उड़ा लिया। पता चला है कि पिछले कुछ समय से गृह क्लेश को लेकर मानसिक तनाव में था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया जहां से पोस्टमार्टम के बाद आज शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। सनसनीखेज तरीके से घटित घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। जानकारी के मुताबिक कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सरवरखेड़ा निवासी लवजीत सिंह (34) पुत्र अमरजीत सिंह का विवाह नौ वर्ष पूर्व हरिद्वार के चिड़ियापुर के निकट ग्राम गेंड़ीखत्ता निवासी जसमीत कौर के साथ हुआ था। लवजीत सिंह मंडी में आड़ती था इससे पूर्व उसकी एक राइस मिल थी जो घाटे के चलते बंद हो गई। पता चला है कि पिछली लगभग 4 माह के करीब से कुछ विशेष बात को लेकर पति-पत्नी में मनमुटाव चल रहा था। दंपति के एक पुत्र हरपेज (8) वर्ष तथा



पुत्री खुशी (6) वर्ष हैं। पता चला है की घटना वाले दिन भी दंपति के बीच किसी बात को लेकर बुरी तरह नोक झोंक हुई। इसी के बाद शाम करीब 5 बजे लवजीत ने अपने कमरे के अंदर 32 बोर की अवैध पिस्टल से कनपटी पर दाएं तरफ गोली मार ली।गोली उसके बाएं ओर की कनपटी की चीरते हुए निकल गई। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। उधर दूसरी ओर परिजनों ने तथा आसपास के लोगों ने जैसे ही गोली की आवाज सुनी मौके पर जमा हो गए। वहां कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर जरूरी पूछताछ के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम भेज दिया जहां से आज पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को पुलिस द्वारा परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक आढती लवजीत सिंह के पास आखिर 32 बोर की अवैध पिस्टल कहां से आई यह सवाल पुलिस के लिए सर दर्द बना है। सूत्रों का कहना है कि मृतक पर लाखों का कर्ज था। देनदारी को लेकर वह परेशान रहा करता था।

# सीएफओ से की विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाने की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में अग्निकांड की घटनाओं पर तत्काल काबू किए जाने के लिए विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राव ने दमकल विभाग के सीएफओ इशांत कटारिया से मुलाकात की। श्री जुनेजा ने कहा कि इन दिनों त्योहारों का मौसम चल रहा है और व्यापारियों ने अपनी दुकानों में अत्यधिक सामान भर रखा है। ऐसे में अग्निकांड से बचाव के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाया जाए ताकि अग्निकांड की घटनाओं पर तत्काल काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों विधवानी मार्केट में नागपाल इंटरप्राइजेज में भीषण अग्निकांड हुआ था जिसमें दमकल विभाग की एक गाड़ी खराब हो गई थी और जल निगम मे पानी भी समाप्त हो गया था। ऐसे मे आग बुझाने का काम प्रभावित हो गया था। ऐसी विषम परिस्थितियों में आग पर काबू पाने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाया जाना बेहद स्थान सर्वाधिक उपयुक्त समझते हैं ,वहां पर हाइड्रेंट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा के लिए हाइड्रेंट लगाना बेहद आवश्यक है, ताकि किसी



आवश्यक है, ताकि दमकल की गाड़ियों के पहुंचने से पहले आग पर काबू पाया जा सके। जुनेजा ने कहा कि दमकल विभाग के अधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी पूरे बाजार का सर्वेक्षण कर ले और आग से बचाव के लिए जो भी व्यापारी का अग्निकांड के कारण त्यौहार खराब ना हो सके।सीएफओ इशांत कटारिया ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से सुनकर कहा कि व्यापार मण्डल की मांग जायज है, विभाग प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को देगा।

# आगामी त्यौहारों पर बरतें विशेष सतर्कता: डीआईजी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पुलिस उपमहानिरीक्षक, कुमायूँ परिक्षेत्र, डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत द्वारा कुमायूँ परिक्षेत्र के समस्त पुलिस जनपद प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन कर जनपदों में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी।साथ ही सभी को आगामी त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , ऊधमसिंहनगर मणिकान्त मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोडा देवेन्द्र पींचा, पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ श्रीमती रेखा यादव, पुलिस अधीक्षक चम्पावत अभय गणपति कुम्भार,पुलिस अधीक्षक बागेश्वर चन्द्रशेखर घोडके मौजूद रहे । गोष्ठी में पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमायूँ द्वारा अनेक निर्देश निर्गत किये। जिनमें 1 वर्ष से अधिक समय से लम्बित विवेचनाधीन अभियोगों की समीक्षा कर उनका निस्तारण सुनिश्चित करने, थानों में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत दाखिल मालों के निस्तारण के कार्य में



पुलिस क्षेत्राधिकारी को लगाते हुए अधिक से अधिक मालों का निस्तारण कराया जाने, क्षेत्राधिकारियों का ओआर भी लिया जाए तथा उनके द्वारा विवेचकों का उचित मार्गदर्शन किया जा रहा है अथवा नही साथ ही यह भी देख लिया जाए कि इनके द्वारा नियमित रूप से थानों का निरीक्षण किया जा रहा है।वर्तमान में प्रचलित विभिन्न पोर्टलों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराये जाने की दिशा में स्कूल/कालेजों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा यह भी बताया जाए कि वह घर बैठे पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत किस प्रकार दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डायल 112 पर प्राप्त होने वाले शिकायतों की समीक्षा कर उनमें त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए शिकायतों का समय से निस्तारण कराया जाए।सीएम हैल्प लाईन लाईन (1905) पोर्टल पर प्राप्त समस्त प्रकार की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए निधारित समयावधि में उनका निस्तारण किया जाये । एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत व्यवसायिक मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े जाने पर अभियुक्त गणों के विरूद्ध फाईनेन्सियल इन्वेस्टीगेशन की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए।सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित कर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने जनपद के गुमशुदाओं विशेषकर बालिकाओं की खोज /बरामदगी के लिए अधिक से अधिक प्रयास करे जाये जिससे सकारात्क परिणाम आये। दीपावली पर्व, तथा शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है, जिसके दृष्टि कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये जिससे सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को सकुशल संम्पन कराया जा सके। अन्त में उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि गोष्ठी में दिये गये निर्देशों एवं उत्तराखण्ड पुलिस के मिशन के अनुरूप मित्रता, सेवा, सुरक्षा की भावना समस्त पुलिसजनों में जागृत कर उत्तराखण्ड पुलिस की छवि उज्जवल बनाने का सतत् प्रयास करने सम्बन्धी निर्देशों के साथ गोष्ठी का समापन किया गया।

# सोने के चुराए हार समेत शातिर महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ब्यूटी पार्लर में तैयार हो रही कस्टमर के बैग से 3 तोले के सोने के हार में हाथ साफ कर फरार हुई महिला को पुलिस से चोरी के हार सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विकास महिला द्वारा सोने का हार चोरी किये जाने के सम्बन्ध में रपट दर्ज कराई गई थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश यादव' के नेतृत्व मे दीपक बिष्ट प्रभारी टीपी नगर व पुलिस टीम8 द्वारा अथक प्रयास से चोरी में लिप्त महिला का पता लगाकर अभियुक्ता को चोरगरिया रोड़ उपखनिज निकासी गेट नन्धौर द्वितीय के सामने से मय वाहन स्कूटी संख्या यूके 04एजी 2603 के उसके द्वारा चोरी किये गये सोने के हार जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई जा रहीं है के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जसलीन कौर उर्फ प्रीति पुत्री मनोहर सिंह निवासी आवास-विकास, हल्द्वानी बताया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार उक्त अभियुक्ता के विरुद्ध पूर्व में चोरी के 7 अभियोग पंजीकृत हैं।



# बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयारियां शुरू

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिला अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की-2025 के परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण सम्बन्ध में बैठक हुयी। जिसमें जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि केन्द्रों का निर्धारण बच्चों की सुविधाओं को देखते हुए किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र नही बनाया गया है उन विद्यालयों के बच्चों को नजदीकी परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित किया जाये ताकि उन्हे आने-जाने, रखने-खाने की परेशानियों का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने कहा कि मानकों के अनुसार इंटर व हाईस्कूल के परीक्षा केन्द्र बनाये जाये तथा जिन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र नही बनाया गया है उन विद्यालयों के बच्चों को नजदीकी परीक्षा परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित किया जाये। उन्होने मानकों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों का संवेदनशील व अतिसंवेदनशील का भी आकलन कर निर्धारण करने के निर्देश भी दिये। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में बोर्ड परीक्षा 2025 में 37533 इण्टर व हाईस्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देगें। जिनके लिए 106 परीक्षा केन्द्र बनाये जायेगें। जिसमे से 98 मिश्रित परीक्षा केन्द्रों में इण्टर व हाई स्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे जबकि 08 परीक्षा केन्द्र एकल है जिसमे हाई स्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देगें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, सीताराम, समन्वयक बलवीर सिंह उपस्थित थे व सभी उप जिला अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।



# ग्राम छिनकी में सांसद ने सुनी लोगों की समस्याएं

किच्छा (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट किच्छा विधानसभा के छिनकी गांव पहुंचे पहली बार कोई सांसद छिनकी गांव पहुंचा तो लोग उन्हें देखकर गदगद हो गए, लोगों ने उनका स्वागत किया। सांसद भट्ट ने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में बिजली, सड़क, पानी तथा विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और ग्रामीण क्षेत्र के समस्याओं के निस्तारण किए जाने को कहा। बिजली के पोल, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा सहित विभिन्न समस्याओं को सुनकर श्री भट्ट ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक बयान में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि 18 अक्टूबर को किच्छा के गुंजन पैलेस में एम्स ऋषिकेश के डायरेक्टर के नेतृत्व में डॉक्टर के पैनल द्वारा विशाल स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है श्री भट्ट ने किच्छा क्षेत्र और उसके आसपास के इलाके के लोगों को इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने के अपील की है। सांसद श्री भट्ट ने बताया कि आगामी 18 अक्टूबर को किच्छा के गुंजन पैलेस में एम्स ऋषिकेश के डायरेक्टर के नेतृत्व में फिजिशियन, बाल रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, त्वचा रोग, डायबिटीज सहित विभिन्न विभागों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर का पैनल विशाल स्वास्थ्य चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है। जिसमें निशुल्क जांच व दवाई वितरण किया जाएगा। श्री भट्ट ने क्षेत्र की जनता से उपरोक्त स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



# मृतक उपनल कर्मी की पत्नी को सौंपा दस लाख का चेक

रूद्रपुर।नगर निगम में उपनल के माध्यम से कार्यरत आनंद कुमार पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद आवास विकास निवासी की कोविड-19 के दौरान मृत्यु होने पर जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह के प्रयासों से चार वर्ष बाद शासन से 10 लाख रूपये स्वीकृत हुये। जिलाधिकारी/प्रशासक ने मृतक आनंद कुमार की पत्नी श्रीमती आरती को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को 10 लाख का सहायता चौक प्रदान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी मौजूद थे।



# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जनपद में लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (हर खेत को पानी)-422 कलस्टर मद अन्तर्गत विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का निदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा गोवर्धन प्रसाद एवं उपनिदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा मानस हंस यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लघु सिचाई खण्ड उधमसिंह नगर द्वारा निदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा, उपनिदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा को अवगत कराया कि जनपद उधम सिंह नगर के अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (हर खेत को पानी)-422 कलस्टर मद अन्तर्गत कुल 68 कलस्टर एवं 263 उपयोजना है जिनकी प्राकलित धनराशि रू० 5666.61 लाख है। उपरोक्त योजना अन्तर्गत 188.864 कि० मी० गूल का निर्माण कर 4100.20 है0 सिंचन सृजन क्षमता सृजित किया जाना प्रस्तावित है। योजना लक्ष्य के सापेक्ष रू० 3095.74 लाख का व्यय कर 150.20 किमी गूल व 2848.15 है० सिंचन क्षमता का सृजन किया गया है।निदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा गोवर्धन प्रसाद एवं उपनिदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा मानस हंस यादव द्वारा 06 योजनाओं का निरीक्षण किया गया, जिनमें 04 योजनाये विकास खण्ड काशीपुर, 02 योजनायें विकास खण्ड बाजपुर से सम्बन्धित है। योजना अन्तर्गत 4.68 किमी गूल निर्माण कर 90.99 है० सृजन क्षमता का सृजन किया गया व लगभग 80 परिवारों को लाभान्वित किया गया। निदेशक केन्द्रीय जल आयोग आगरा द्वारा सुशील कुमार अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई को जनपद में संचालित योजनाओं के उत्तम कार्य हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के समय अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त हल्द्वानी राजीव रंजन, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड उधमसिंह नगर सुशील कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई उपखंड रूद्रपुर आर०एस० नेगी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड काशीपुर एम०एम० शर्मा एवं सम्बन्धित कार्मिक उपस्थित रहें।



# डीपीएस में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशों के क्रम में रूद्रपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में पोक्सो अधिनियम-2012, किशोर न्याय बोर्ड-2015, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, साईबर सिक्योरिटी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड तथा विभिन्न बाल देखरेख संस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारियां दी तथा लघु फिल्म के माध्यम से पॉक्सो एक्ट तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारियां देते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके भी बताये। समन्वयक सखी वन स्टाप सेंटर कविता बडोला ने विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारियां दी तथा बच्चों को सतर्क एवं सचेत रहने हेतु समझाया गया। प्रधानाचार्य चेतन चौहान ने सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला में समझायी गयी सभी बातो को ध्यान में रखते हुए सतर्क एवं सावधान रहने को कहा। इस अवसर पर समन्वय चाइल्ड हेल्पलाइन चॉदनी रावत, अनीता चौहान, सहित स्कूल के अध्यापक व लगभग 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# भाविप ने आयोजित की भारत को जानो प्रतियोगिता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव-संपर्क आरके गुप्ता, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज, यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर सुनील जोशी, प्रधानाचार्य मंजू जोशी, उप प्रधानाचार्य डॉ पलाडिया और सचिव डॉ अभिषेक मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया।सीनियर वर्ग में 33 स्कूलों ने तथा जूनियर वर्ग में 42 स्कूलों में प्रतिभाग किया। पहले चरण में दोनों वर्गों में प्रथम पांच स्कूलों को चयनित किया गया। अगले चार चरणों की प्रश्नोत्तरी और रैपिड फायर राउंड के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर पीएसएन स्कूल व दूसरे स्थान पर केवी कॉन्वेंट रहा। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर शैंफर्ड स्कूल तथा दूसरे स्थान पर केवी कान्वेंट स्कूल रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से भारत को जानो प्रकल्प संयोजक दीपक बख्शी, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, महिला संयोजिका डॉ निधि अग्रवाल, मीनू गुप्ता तथा वीर भगत सिंह शाखा के अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष समर्थ अग्रवाल, देवाशीष गुप्ता, समर्थ चौधरी, उत्सव चौधरी और संरक्षक नरेंद्र साहनी उपस्थित थे।



# विरासत फेस्टिवल में शास्त्रीय संगीत और कथक नृत्य की धूम

देहरादून (उद संवाददाता)। विरासत महोत्सव श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल बालावाला तथा सेंट जूड्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों के साथ उत्साह के साथ आयोजित विरासत महोत्सव में अपने कदम रखे । क्राफ्ट वर्कशॉप में इन स्कूली बच्चों ने दिल्ली के उत्तम नगर से आए कुम्हार 64 वर्षीय दुलीचंद से अपने-अपने नाजुक हाथों से चाचा दुलीचंद से मिट्टी के बर्तन बनाने का अनोखा हुनर सीखा। विरासत महोत्सव में दोपहर बाद ओएनजीसी के अग्निशमन की टीम द्वारा आमजन को अचानक लगने वाली आग से बचाव के विषय में बताया गया। लोगों को जागरूक करने एवं जागरूक रहने के साथ ही सावधानी बरतने के साथ-साथ प्रस्तुति में गोवा से आए हुए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी, श्रोताओं एवं आज की विरासत के गवाह बने प्रत्येक मेहमान के दिलों को छू लेने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गोवा के पोंडा से आए 12 कलाकारों के समूह श्री गुरु कलामंडल द्वारा एक शानदार प्रस्तुति के साथ हुई। महेश गावड़ी के नेतृत्व में इस मंडली ने संगीत और नृत्य आकर्षक अनुभव बनाने के लिए विभिन्न भाषाओं और संगीत शैलियों को मिलाकर भावपूर्ण धुनों के साथ सांस्कृतिक माहौल को और भी हृदय की गहराई तक पहुंचाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। सायंकाल की यह शानदार शाम 16 प्रतिभाशाली कलाकारों के समूह केपेमचिम किरनम के प्रदर्शन के साथ हुई, जिसका नेतृत्व एल्विश गौस ने भी



मिट्टी के बर्तन बनाने का हुनर सीखा ।छोटे-छोटे आकर्षक एवं खूबसूरती से भरे मिट्टी के बर्तन,गमले और दिए इत्यादि बनाने में माहिर दिल्ली के कुम्हार दुलीचंद से बड़े जोश और उत्साह के साथ स्कूली बच्चों कुमारी सलोनी, मोर्कल आर्य एवं अन्य बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाने सीखे। दिल्ली के उत्तम नगर के मूल निवासी दुलीचंद ने भी मासूम स्कूली बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनवाकर सिखाने में पूरी दिलचस्पी दिखाई । बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक अपना बचाव करने के टिप्स दिए गए, तत्पश्चात विरासत महोत्सव की शाम की फिजा में विरासत महोत्सव का नए आकर्षक अंदाज में दूसरे दिन के आयोजन की श्रृंखला में बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनैना प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष, विरासत आयोजन समिति और माननीय न्यायमूर्ति बी.एस. वर्मा, उत्तराखंड उच्च न्यायालय मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पहली के माध्यम से पारंपरिक गोवा कला रूपों का प्रदर्शन किया। समूह के अन्य प्रमुख सदस्यों में विराज, करण, प्रसाद और कई अन्य शामिल रहे,जिन्होंने गोवा की हृदय की गहराइयों को छू लेने वाली लोक परंपराओं के सार को शक्ति प्रदान की। सांस्कृतिक श्रृंखला के अगले क्रम में एल्विश गौस म्यूजिक एन्सेम्बल द्वारा एक शानदार संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बहुभाषी गायक और अंतरराष्ट्रीय कलाकार एल्विश गौस के नेतृत्व में बैंड ने दर्शकों के लिए एक किया। इस समूह ने पारंपरिक गोवा संगीत और नृत्य की समृद्ध टेपेस्ट्री के माध्यम से गोवा की जीवंत संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया,जो क्षेत्र की विशिष्ट विरासत को दर्शाता है। लयबद्ध ताल और जीवंत नृत्य चालों के संयोजन ने एक विद्युतीय वातावरण बनाया, जिसने दर्शकों को गोवा की उत्सव भावना की सच्ची झलक पेश की। इन तीन विविध प्रदर्शनों के साथ, विरासत के दूसरे दिन गोवा की जीवंत और रंगीन संस्कृति का जश्न हृदय की गहराइयों से मनाया गया।

# उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### आतंकवाद और चीन का चंगुल

पाकिस्तान की मेजबानी में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के मंच से भारत ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद का रास्ता छोड़े बिना विकास के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ा जा सकता। भारत हमेशा संकल्प के साथ अपनी बात रखता है। भारत ने यह साहस दिखाया है कि वहां जाकर अपनी बात रखे, जहां से आतंक को पनाह दी जाती है। भारत ने चीन को भी नसीहत दी और कहा कि अगर क्षेत्रीय अखंडता को मान्यता नहीं दी जाएगी, तो सहयोग वास्तविक नहीं हो सकता। दरअसल, आर्थिक गलियारे की परियोजना को लेकर चीन और पाकिस्तान का नापाक गठजोड़ छिपा नहीं है। इस परियोजना के निहित स्वार्थों की खातिर चीन ने हमेशा पाकिस्तान की कारगुजारियों का समर्थन किया है। इसके तहत चीन के झिनझियांग उइगुर और पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह तक करीब तीन हजार किलोमीटर लंबी दूरी तक बुनियादी ढांचा परियोजना विकसित होनी है। यह गलियारा भारत की सीमा के बहुत नजदीक से होकर गुजरेगा और इसमें गिलगित तथा बालटिस्तान क्षेत्र भी आते हैं, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का हिस्सा हैं और उन्हें लेकर दोनों देशों के बीच शुरू से विवाद बना हुआ है। इस परियोजना के चलते कश्मीर सीमा तक चीन पहुंच आसान हो जाएगी। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का विरोध रणनीतिक दृष्टि से भारत तो करता ही रहा है, बलूचिस्तान प्रांत में इसका तीखा विरोध होता रहा है। अक्सर बलूच विद्रोही इस आर्थिक गलियारे के निर्माण कार्य में जुटे चीनी नागरिकों पर हमले करते रहे हैं। वहां की सरकार के लिए बलूच चरमपंथियों से निपटना बड़ी चुनौती बना हुआ है। अनेक मौकों पर वे बड़े हमले कर चुके हैं। इसके बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को लेकर अपनी स्पष्ट नीति बनाने को तैयार नहीं दिखता। वह भारत में तो आतंकी गतिविधियों को प्रश्रय देता है, पर अपने खिलाफ अपने ही यहां पनपे आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर पाता। इसीलिए भारत ने चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बगैर स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद और विकास साथ-साथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बहुत बदहाल है, उसी का लाभ उठा कर चीन उसे अपने पाले में खींचने में सफल हो गया। वह उसे वित्तीय सहयोग दे रहा है, मगर इतने भर से वहां विकास की बयार बह जाएगी, यह मानना सिर्फ खामखयाली ही होगी। चीन का मकसद सड़क, समुद्री और हवाई मार्गों के जरिए भारत को घेरना है। पाकिस्तान उसकी इस रणनीति में एक मोहरा मात्र है। अपना मकसद पूरा होने के बाद चीन कब उसका हाथ झटक कर अलग हो जाएगा, इसका पाकिस्तान को तनिक भी इल्म नहीं। पाकिस्तान शुरू से भारत विरोध की चादर फैला कर अपनी बदहाली को ढकने का प्रयास करता रहा है। इस तरह काफी हद तक वह अपने अवाम का असल मसलों से ध्यान भटकाए रखने में कामयाब भी हुआ है। मगर वहां के लोग अब इस हकीकत को जान चुके हैं। चीन के साथ गलबहियां करके उसे लगता है कि भारत पर दबाव बनाए रखने में कामयाब होगा, मगर असलियत यह है कि वह खुद चीन के चंगुल में बुरी तरह कसता जा रहा है। भारत के पड़ोसी देशों ने चीन की इस चाल को समझते हुए फिर से भारत के साथ नजदीकी बढ़ाने का प्रयास शुरू कर दिया है, मगर पाकिस्तान अलग-थलग पड़ता जा रहा है। जब तक वह आतंकवाद और चीन के चंगुल से मुक्त नहीं होता उसकी तरक्की के रास्ते बंद ही रहेंगे।

# कर चोरी रोकने के लिए नियमित कड़े कदम उठाये जाएं : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस सचिवालय में वित्तीय मितव्ययता के संबंध में बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभागों द्वारा इनोवेटिव प्रयास करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों द्वारा राजस्व बढ़ाने के लिए नये स्रोतों पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जिन योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उनमें राजस्व बढ़ाने की दिशा में विभागीय सचिवों द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण में वृद्धि करने के लिए नए तरीके और रणनीति अपनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर संग्रहण प्रक्रिया में और सुधार के साथ ही कर चोरी रोकने के लिए नियमित कड़े कदम उठाये जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यों का आम जन को पूरा लाभ मिले। साथ ही कार्यों में मितव्ययता के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदृढ़ वित्तीय प्रबन्ध न राज्य सरकार का मूल मंत्र है। हमें स्वयं के राजस्व संसाधनों में वृद्धि के लिए और



तेजी से प्रयास करने हैं। उन्होंने खनन क्षेत्र में राजस्व वृद्धि के लिए किये गये प्रयासों की भी सराहना की। इस वर्ष खान क्षेत्र में प्रथम छमाही में गत वर्ष की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जो कुल वार्षिक लक्ष्य का 52 प्रतिशत प्राप्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने एस.जी.एस.टी., परिवहन, आबकारी, वानिकी, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में राजस्व वृद्धि के लिए और प्रयासों पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि मितव्ययता के बहुत से आयाम हैं। सुदृढ़ कानून व्यवस्था से जहां एक ओर निवेश बढ़ता है, आर्थिक गतिविधियां भी बढती हैं। राज्य के कर एवं करेत्तर आय में वृद्धि होती है। इसी प्रकार पालिसी इन्टरवेंशन से भी राज्य की आय में वृद्धि हो सकती है तथा मितव्ययता सुनिश्चित की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में केन्द्रांश और राज्यांश क्रमशः 90 और 10 के अनुपात में हो उनको अधिक प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित सार्वजनिक कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। इस दौरान वित्त मंत्री श्री प्रेमचन्द अग्रवाल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव न्याय श्री प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, श्री एल फैनई, विशेष प्रमुख सचिव श्री अमित सिन्हा, सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुदंरम, श्री शैलेश बगौली, श्रीमती राधिका झा, श्री नितेश झा, श्री दिलीप जावलकर, श्री सचिन कुर्वे, श्री रंजीत सिन्हा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री बृजेश कुमार संत, श्री एच. सी. सेमवाल, श्री विनोद कुमार सुमन, डॉ. नीरज खैरवाल, डा. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव श्री मनमोहन मैनाली एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# राजभवन में मनाया करवाचौथ पर्व

देहरादून (उद संवाददात)। राजभवन में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने राजभवन परिवार की महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से करवा चौथ का त्योहार मनाया। इसमें अपर सचिव श्रीमती स्वाती एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव, श्रीमती सुरभी सिरोही सहित कई महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर कई कार्यक्रम हुए और महिलाओं ने उनमें बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। श्रीमती



गुरमीत कौर ने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति के प्राचीन त्योहारों में एक प्राचीन त्योहार है। सुहागिन महिलाएं यह निर्जला व्रत अपने पति की कुशलता और दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह पर्व परिवार के रिश्तों को मजबूत बनाने वाला होता है, विशेष रूप से यह पति-पत्नी दोनों के लिए खास महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमारी संस्कृति और परिवार की सुदृढ़ता का परिचायक है।

# जनसेवा केंद्रों के शुल्क में हो एकरूपता : डीएम

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि प्राय: यह तथ्य संज्ञान में लाए जा रहे है कि जनपद अन्तर्गत संचालित जन सेवा केन्द्रों में संचालित सेवाओं से सम्बन्धित निर्धारित शुल्क सूची चस्पा नहीं रहती है तथा अलग-अलग जन सेवा केन्द्रों के द्वारा एक ही सेवा के लिए अलग- अलग शुल्क लिया जाता है और कई जन सेवा केन्द्रों के द्वारा विभिन्न सेवाओं हेतु अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है। आम जनमानस की सुविधा हेतु खोले गए इन जन सेवा केन्द्रों के सम्बन्ध में इस प्रकार के तथ्य संज्ञान में आना कदापि उचित नहीं है व इन केन्द्रों की सार्थकता को प्रभावित करता है उन्होंने कहा कि जनपद की पर्वतीय परिस्थितियों के



दृष्टिगत आम जनता को सीएससी केंद्रों में आने के लिए भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसके बावजूद यदि उन्हें सीएससी सेवाओं के लिए अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती है तो यह उनके लिए कतई उचित नहीं है इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने अपने क्षेत्रांतर्गत यह व्यवस्था बनाई जाए कि जनपद अन्तर्गत संचालित समस्त जन सेवा केन्द्रों के बाहर प्रत्येक सेवा के लिए निर्धारित शुल्क सूची अनिवार्य रुप से लगी हो जिससे कि शुल्क को लेकर किसी भी प्रकार का विरोधाभास न हो। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित सभी जन सेवा केन्द्रों का निरीक्षण कर सेवाओं से सम्बन्धित निधारित शुल्क सूची लगवाना सुनिश्चित करें इसके उपरान्त भी किसी भी प्रकार की शिकायत संज्ञान में आ6ने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को भी निर्देश दिए हैं कि उक्तानुसार जनपद के सभी सीएससी केंद्रों में निर्धारित दरों के अनुसार रेट लिस्ट की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात अनुपालन आख्या को जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराए।

# डीएम ने नगरवासियों से की नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर पालिका को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए मिले दो कूड़ा संग्रहण वाहनों को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि नगर पालिका को कूड़ा वाहन मिलने से अब कूड़ा निस्तारण के कार्यों में और गति मिल सकेगी। नगर को साफ स्वच्छ बनाए रखने में नगर वासियों से अपील करते हुए डीएम ने कहा कि पालिका द्वारा संचालित कूड़ा संग्रहण वाहन में सभी लोग अपने घरों का एकत्र कूड़े को केवल कूड़ा संग्रहण



वाहनों में ही डालने की अपील की। घरों में यदि साफ सफाई होगी तो सभी लोग गंदगी हटाओ, प्रदूषण मुक्त बनाओ की थीम पर चलेंगे तो नगर को स्वच्छ बनाया जा सकता है।उन्होंने कहा कि कूड़े को कतई भी इधर उधर न फेंका जाए। नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए पालिका का सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, एसडीएम सदर मोनिका, ईओ हयात सिंह परिहार मौजूद थे।

# गढ़वाली, कुमाऊनी और जौनसारी पेस्ट्री का पर्यटक भी चखेंगे स्वाद

## राज्यपाल ने 'सिकदर बेकरी उत्पादों' की श्रृंखला का किया अनावरण

देहरादून (उद संवाददाता)।विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पर्यटन विकास परिषद और दून बेकर्स एसोसिएशन के ''सिकदर बेकरी उत्पादों'' की श्रृंखला का अनावरण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज भी मौजूद रहे। सिकदर बेकरी उत्पादों की श्रृंखला में सिकदर केक, सिकदर पेस्ट्री और सिकदर कुकीज शामिल हैं। इन उत्पादों को तैयार करने में हिमालयी क्षेत्र की विशेष सामग्री जैसे सी-बकथॉर्न, गोजी बेरीज, केसर और विभिन्न प्रकार के मिलेट्स का प्रयोग किया गया है जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर है। यह बेकरी उत्पाद महान त्रिकोणमिति विशेषज्ञ श्री राधानाथ सिकदर की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई को मापने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्तराखण्ड की खाद्य विशिष्टता को दर्शाते हुए गढ़वाली, कुमाउंनी और जौनसारी पेस्ट्री का अनावरण भी किया। गढ़वाली पेस्ट्री वेनिला एसेंस आधारित पेस्ट्री है जिसमें मुख्य रूप से राज्य के पुष्प, बुरांश का स्वाद है। वहीं कुमाऊंनी पेस्ट्री को अल्मोड़ा के प्रसिद्ध बाल मिठाई के साथ चॉकलेट के स्वाद का मेल कर बनाया गया है, और जौनसारी पेस्ट्री में दूध और अखरोट का उपयोग किया गया है, जो इसे समृद्ध स्वाद प्रदान करता है। ये सभी उत्पाद राज्य के सभी बेकरी, कैफे और होटलों में उपलब्ध कराये जाने के प्रयास होंगे ताकि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटक इस क्षेत्र के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकें। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देहरादून और उत्तराखण्ड अपने खाद्य उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर है जिसके कारण पूरी दुनिया में उनकी अलग ही मांग है। उन्होंने अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। हमारे राज्य की विशिष्टताओं को दर्शाते हुए आज सिकदर बेकरी उत्पादों की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सभी बेकरी, कैफे और होटलों में उपलब्ध रहें ताकि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटक इनका स्वाद चख सकें। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि इन विशेष उत्पादों के माध्यम से उत्तराखण्ड के स्वाद, संस्कृति और परंपराओं को एक नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी यह पहल स्थानीय उत्पादों और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन अनुभव को भी समृद्ध करेगी। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों से राज्य के लोगों के साथ ही पर्यटकों को स्थानीय पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करा पाएंगे, साथ ही इससे स्थानीय लोगों को भी फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोग पोषक खान-पान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आज आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ़ रहा है। लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे हैं। इसलिए हमें जैविक कृषि और पारंपरिक खेती को वरीयता देनी होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए पर्यटन मंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राधानाथ सिकदर जी सबसे बड़े विद्वान थे जिन्होंने एवरेस्ट नापा। आज हम उन्हीं को समर्पित करके विश्व खाद्य दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर आज हमें यहां सिकदर बेकरी उत्पादों की श्रृंखला का अनावरण करते हुए भी अपार खुशी हो रही है। प्रसन्नता की बात है कि यह सभी उत्पाद हिमालयी क्षेत्र में पाए जाने वाले तत्वों जैसे सी बकथॉर्न, गोजी बेरीज, केसर और कई प्रकार के बाजरे से तैयार किए गए हैं। इन उत्पादों के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं क्योंकि बताई गई सभी सामग्री में बहुत सारे पोषक तत्व हैं। आज हमें गढ़वाली पेस्ट्री और कुमाउंनी पेस्ट्री के शुभारंभ की घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम उत्तराखण्ड राज्य के सभी बेकरी, कैफे और होटलों में उपरोक्त उत्पादों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे, ताकि देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटक राज्य के किसी भी हिस्से में इन व्यंजनों का स्वाद ले सकें। उन्होंने कहा कि हम यह भी कोशिश करेंगे कि देवभूमि के धार्मिक और पर्यटन स्थलों में इसे व्यापक रूप से बढ़ावा देने के लिए इन सभी वस्तुओं को बगैर अंडे के ही परोसा जाय। इस अवसर पर उत्तराखण्ड की कला, संस्कृति और स्थानीय व्यंजनों को देश और दुनिया तक पहुंचाने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अमृता रावत, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्यटन विकास परिषद अभिषेक रुहेला सहित विभिन्न होटलियर्स, दून बेकरी एसोसिएशन के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।







## नकली नोट गिरोह के तीन और सदस्य दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नकली नोटों के बड़े गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस ने मामले में एक और खुलासा करते हुए तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में अब तक आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके कब्जे से 3,46,500 रुपये के नकली 500 रुपये के नोट बरामद हुए थे। अब पुलिस ने गिरोह से जुड़े तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पहले पकड़े गए शिवम वर्मा के तार उत्तर प्रदेश और राजस्थान से जुड़े पाए गए हैं। इनमें से दो आरोपी उत्तर प्रदेश और एक राजस्थान का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शिवम वर्मा से मिली जानकारी के आधार पर लालकुआं पुलिस ने गहन जांच शुरू



की। जांच में यह सामने आया कि शिवम वर्मा के बैंक खाते में संदिग्ध लेन-देन हो रहे थे। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर शिवम वर्मा के तीन सहयोगियों रिहान, शाकिर खान और संदीप पंवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जीएसटी खाता विवरण प्राप्त कर अपनी पहचान छिपाते थे और ऑनलाइन गेमिंग एप तथा बाइनेंस एप के माध्यम से पैसे लेते थे। इसके बाद ये पैसे क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में रिहान पुत्र साबिर निवासी रम्पुरा माफी, बरेली, यूपी, शाकिर खान पुत्र साबिर निवासी रम्पुरा माफी, बरेली, यूपी और संदीप पंवार निवासी चित्तौड़गढ़, राजस्थान शामिल हैं।

## व्यापारियों को बताये आग से बचाव के उपाय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दमकल वि।भाग द्वारा आज नगर की विधवानी मार्केट में आग लगाने का डेमो कर व्यापारियों को अचानक आग लगने पर उसके बचाव के उपाय बताये। लीडिंग फायर कर्मी प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, फायर सर्विस चालक धीरज सिंह, फायर मैन नवल प्रभात, सीमा धामी व नीमा गढ़िया ने व्यापारियों को बताया कि सभी व्यापारी दुकानों की सीढ़ियों पर माल न रखें, विद्युत बोर्डों को दुकानों के बाहर लगवायें, दुकान पर अनावश्यक सामान न रख उसे गोदाम में रखें, दुकानों में अग्निशमन यंत्रों का अवश्य लगायें। किसी भी अग्निकाण्ड की घटना पर तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना देने के



साथ ही घटनास्थल को खाली करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बाजार के रास्ते को खाली रखना भी जरूरी है। ताकि अग्निकाण्ड होने पर दमकल वाहनों को मौके पर पहुंचने में परेशानी न हो। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने सभी दमकल कर्मियों का अग्नि सुरक्षा की जानकारी देने पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पवन गाबा, मनीष ग्रोवर, बंटी मुंजाल, मानस जुनेजा, दीपक ग्रोवर, सुनील जुनेजा, रोहताश भाटिया, सौरांश जुनेजा, दीपक तनेजा, शैंकी कक्कड़, अमित ड़ावड़ा, प्रांजल गाबा, सागर कक्कड, सतीश कुमार, सुरेन्द्र कक्कड़ सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

## 395 पाउच कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चोरगलिया पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 395 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा सभी थाना प्रभारी को नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना चोरगलिया पुलिस ने चौकिंग के दौरान पुलिस ने मंटू सिंह पुत्र अमरजीत सिंह और बलदेव सिंह पुत्र रेशम सिंह निवासी ढौराडाम नजीबाबाद किच्छा के कब्जे से कुल 395 पाउच कच्ची शराब बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना चोरगलिया में धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल संख्या यूके06एएन 36480) को भी सीज कर दिया गया है।

## स्कूल गया 7वीं कक्षा का छात्र लापता

हल्द्वानी। स्कूल गया एक छात्र संदिग्ध हालत में लापता हो गया है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है कि 14 अक्टूबर को स्कूल गया था लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बसंत विहार छोटी मुखानी हल्द्वानी निवासी किशन कुमार ने पुलिस में दी सूचना पर कहा कि उसका 15 वर्षीय पुत्र भाविक बिष्ट सरस्वती विद्या मंदिर हीरानगर में कक्षा 7वीं की छात्र है। बीती 14 अक्टूबर को वह घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन छुट्टी के बाद वह घर नहीं लौटा। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी की गई लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल पाया।

## पेज एक का शेष...

**नायब सैनी दूसरी...**की शपथ ली। यादव समुदाय से आने वाले नरबीर सिंह गुरुग्राम से सटी बादशाहपुर सीट से विधायक हैं। चार बार के विधायक रह चुके नरबीर सिंह खट्टर सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। इस बार उन्होंने 60 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। अनिल विज के बाद किशन लाल पंवार ने मंत्री पद की शपथ ली। हरियाणा में बीजेपी के कद्दावर दलित नेता पवार इसराना विधानसभा सीट से छठी बार विधायक बने हैं। 2015 से 2019 तक भी वह हरियाणा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। खट्टर सरकार में परिवहन, आवास, जेल मंत्री रह चुके हैं। अंबाला कैंट से बीजेपी विधायक अनिल विज ने सीएम सैनी के बाद दूसरे नंबर पर शपथ ली। अनिल विज अंबाला कैंट से विधायक हैं। वह इससे पहले भी राज्य सरकार में गृह और स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। 70 के दशक में संघ से जुड़े विज पंजाबी बिरादरी से आते हैं और लगातार सातवीं बार विधायक बने हैं। नायब सिंह सैनी कैबिनेट को जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों के आधार पर संतुलित किया गया है। कैबिनेट में 2 दलित, 2 ब्राह्मण 2 जाट, 4 ओबीसी एक राजपूत और एक पंजाबी और एक बनिया पंजाबी है। शपथ समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और अन्य सीएम, डिप्टी सीएम सहित कई दिग्गज शामिल रहे।

**बदरीनाथ के सबक से ...**एक के हाथ लगने की सबसे ज्यादा संभावना है, क्योंकि इन दोनों के पक्ष में स्थानीय फैक्टर भी है और इनसे राजनीति का मातृशक्ति वाला समीकरण भी संतुलित हो जाता है । दूसरी ओर कांग्रेस के पास पूर्व विधायक मनोज रावत के रूप में एक मजबूत विकल्प मौजूद है और इस बात की संभावना कम ही है, कि कांग्रेस मनोज रावत के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार पर दांव लगाने का जोखिम ले, क्योंकि पिछले उपचुनाव में कांग्रेस ने स्थानीयता को तरजीह देकर ही बद्रीनाथ में भाजपा को पटकनी दी थी।

**करंट से श्रमिक ...**मिलने पर पुलिसकर्मी वहां आ पहुंचे। इधर चिकित्सकों द्वारा सूरज को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बाहरी लोगों से पंचनामा भरवा लिया है। जिसको लेकर उनकी पुलिसकर्मियों से तीखी नोंक झोंक भी हुई। पुलिस ने बताया कि सभी कार्य नियमानुसार किये गये है। मृतक मजदूरी करता था और उसकी पत्नी राजवती सहित 4बेटियां व एक पुत्र है।

**फार्म हाउस मे ..** दिन वह उसे एंबेसी की फाइल बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र की रूद्र विलास चौकी क्षेत्र स्थित एक फार्म हाउस पर रखे होने की बात कहकर ले गया। महिला का आरोप है कि आरोपी ने फार्महाउस में उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना ली। जिन्हें वह वायरल करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने सीओ के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, आईटी एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

**दो महिलायें बच्चों...**उमेश कुमार पुत्र केदार नाथ हाल निवासी रूद्रा इनक्लेब फेज 2, फुलसुंगा मूल निवासी ग्राम बेरिया दौलत थाना किलाखेड़ा ने बताया कि 30 सितम्बर को सुबह उसकी पत्नी करीब 25 वर्षीय श्रीमती प्रिया यह बोलकर निकली कि मेडिकल से दवाई लेने के लिये जा रही है और अपने साथ में 4 वर्षीय बेटे श्रेयांस को भी लेकर गयी। तब से पत्नी घर पर वापस नहीं आयी है । उसने अपनी पत्नी व बच्चे की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला।

**चोरी करते ...**हुए चोर को पुलिस को सौंप कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए तहरीर सौंपी वहीं थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने तहरीर के आधार पर रिंकू कुमार पुत्र भोला राम व इरफान पुत्र गुड्डू खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 305( ),331(4),62 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

**होमगार्ड का हार्ट...**वर्ष सेवानिवृत होने वाले थे।बताया जाता है कि गत सायं उनका स्वास्थ्य अचानक खराब हुआ। जिस पर परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक होमगार्ड कर्मी नारायण दास के निधन पर पुलिस के कई अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

## घर में घुसकर महिला पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पारिवारिक विवाद के चलते कुछ लोगों ने परिजनों की गैरमौजूदगी में एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में वंशिका पुत्री स्व. हरि सिंह चौहान निवासी शिमला बहादुर, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसकी भाभी श्रीमती करिश्मा पत्नी नरेन्द्र सिंह घर में आये दिन छोटी बातो को लेकर विवाद करती थी। जिस कारण मेरे भाई नरेन्द्र सिंह को साथ लेकर पिछले करीब 2 माह से सिडकुल ढाल के पास किराये पर रहती है। 11 अक्टूबर की रात्रि भाई व भाभी के बीच आपस में कोई कहासुनी हुई होगी। जिस पर भाभी ने अपने पिता नेत्रपाल, व भाई सुदेश को फोन कर अपने घर बुला लिया। जब भाई अपने घर पर नहीं मिला तो सुदेश व नेत्रपाल निवासीगण सीकरी थाना बहेड़ी, बरेली अपने साथी सतीश निवासी कृष्णा कालोनी व अन्य अज्ञात लोगो को लेकर रात्रि उसके घर शिमला बहादुर आये और दरवाजा खटखटाने लगे। मां व बहन के घर में न होने से उसने दरवाजा खोलने से मना किया तो वह दरवाजे पर जोर-जोर से मारने लगे। डर की बजह से दरबाजा खोला तो उक्त लोग जबरदस्ती घर के अन्दर घुस आये और उसके भाई की तलाश करने लगे। जब इसका कारण पूछा तो उन्होंने गालीगलौच करते हुए मारना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी कहा कि तुम्हारे परिवार का कोई भी सदस्य मिलेगा तो उसे जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# किच्छा में धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

किच्छा (उद संवाददाता)। भगवान वाल्मीकि धर्म सभा किच्छा द्वारा भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव के उपलक्ष में आवास विकास स्थित वाल्मीकि पार्क में वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए सभी वाल्मीकि समाज के लोगों ने उन्हें याद किया। इसके उपरांत बाल्मीकि धर्म सभा द्वारा राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे से पूर्व वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा अर्चना की गई तथा भगवान वाल्मीकि से समस्त नगर वासियों एवं देशवासियों को सुख समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम के आयोजक नितिन चरण वाल्मीकि, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला तथा सामाजिक कार्यकर्ता संजीव खन्ना द्वारा यहां पर प्रसाद वितरण करवाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन से प्रत्येक नागरिक को प्रेरणा लेनी चाहिए तथा आत्म सात करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता संजय खन्ना ने कहा कि उनके द्वारा प्रत्येक धार्मिक कार्य में भाग लिया जाता है जिससे उन्हें आत्मिक शांति प्राप्त होती है। आयोजक नितिन चरण वाल्मीकि ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण आज घर-घर में सनातन धर्म का एक हिस्सा है। इस तरह प्रत्येक मानव को अपने जीवन में समाज का हिस्सा बना रहना चाहिए तथा एक दूसरे की सेवा करते रहना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक नितिन चरण वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप अरोड़ा, ठाकुर संजीव सिंह, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल, नितिन फुटेला, राकेश वाल्मीकि, प्रियंका वाल्मीकि, कल्लू चरण, विशाल गुप्ता, केतन कालरा, धनीराम, राजेश कुमार कोली, कैलाश वाल्मीकि, श्याम बाबू, मुकेश कुमार, माइकल, विमल चरण, अरुण कुमार, आकाश भगत, विवेक, निखिल, राजेश, सोहनलाल, अंकित, योगेश, राजेश, सचिन वाल्मीकि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





# कैंटर से कुचलकर बाईक सवार की मौत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।बैगुल डाम से कमल का फूल लेकर बेचने जा रहे बाइक सवार को कैंटर ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। बुधवार को निर्मल नगर निवासी हरिपद मंडल (62) पुत्र कार्तिक मंडल कमल का फूल लेने के लिए शाम को घर से बैगुल डाम के लिए निकला था। फूल बेचने के लिए डाम से सीधे शक्तिफार्म बाजार निकल गया। बाजार से एक किलोमीटर पहले कुसमौठ तिराहे पर सिडकुल से आए कैंटर ने उसे कुचल दिया। इस दौरान राहगीरों ने हरिपद को पीएचसी शक्तिफार्म पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दरोगा प्रकाश भट्ट ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। कैंटर को कब्जे में ले लिया गया है। चालक को हिरासत में लिया गया है। परिजनों ने बताया कि हरिपद पलंबर का काम करता था। उनकी करीब आधा एकड़ जमीन है, जिसमें वह सब्जी लगाया करते थे। उसके तीन बच्चे हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। पत्नी मंजू मंडल सहित तीनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। कुसमौठ तिराहे पर हरिपद मण्डल की मौत से आक्रोशित लोगों ने भारी वाहन के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक साल में भारी वाहन के चपेट में आने से यह तीसरी मौत हुई है। इससे पहले भी ग्राम रुदपुर निवासी 13 वर्षीय छात्र सुमित मिस्त्री और वार्ड नंबर दो निवासी 29 वर्षीय संदीप मंडल की भारी वाहन से कुचलने से मौत हो गई थी। इसके बाद लोगों की मांग पर पुलिस प्रशासन ने शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। कुछ दिनों बाद यह व्यवस्था भी समाप्त हो गई।



# निहत्थे वन कर्मियों ने अधूरी तैयारी से की थी छापेमारी

## बिना टीम लीडर के छापेमारी को दिया अंजाम, वाहन में तस्करों से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में नही थे लाठी डंडे

**-अनिल सागर-**

नानकमत्ता। रंसाली वन विभाग के कर्मचारी बिना टीम लीडर के निहत्थे सादे कपड़ों में बिना बर्दी के चप्पल में ही अधिकारियों को बिना सूचना दिए ही खैर की लकड़ी पकड़ने पहुंच गए, जहां वन तस्करों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला कर फायरिंग करने के मामले में वन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। आलाधिकारी वन कर्मियों द्वारा बरती गयी लापरवाही की जांच बैंठा सकते है। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर की रात्रि करीबन 1 बजे रंसाली वन विभाग के वन आरक्षी भूपाल सिंह की गश्ती टीम को कैथुलिया के अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह के घर भारी मात्रा में खैर की लकड़ी लोडिंग होने की सूचना मिली थी जिस पर वन विभाग के 7 कर्मचारी अमरीक सिंह के यहां छापा मारने पहुंच गए। लेकिन यहां वन विभाग की टीम पर अमरीक सिंह ने अपने पुत्र चरनजीत सिंह व साथियों के साथ लाठी डण्डों से हमला कर दिया। यही नही वन तस्करों ने वन कर्मी जितेन्द्र सिंह पर फायर भी झोंक दिया। जिससें वन कर्मी जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका ईलाज चल रहा है। लेकिन वन विभाग द्वारा आधी रात को जिस तरह लकड़ी तस्करों को पकड़ने के लिए कार्यवाही की गई, इसमें वन कर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है, गनीमत रही की वन तस्करों ने दो फायर किए जिसमें एक फायर मिस हो गया, जबकि दूसरी गोली वन कर्मी को लग गई। बताया जा रहा है कि वन कर्मियों की जो टीम छापा मारने गई थी, उस टीम में कोई टीम लीडर नही था और न कर्मचारियों ने वर्दी पहनी थी, कई कर्मचारी चप्पल में ही निहत्थे वन तस्करों को पकड़ने चले गए। यहां तक कि वन कर्मियों के वाहन में पर्याप्त डंडे भी नही थे, जिससें असलहा व डंडों से लैस वन तस्करों का मुकाबला कर पाते । सवाल उठ रहा है कि कैसे वन कर्मी बिना उच्चधिकारियों व पुलिस को सूचना दिए निहत्थे वन तस्करों से निपटने चले गए।




